कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल
WEBSITE : www.mpbse.nic.in & *E-mail id* : mpbse@mp.nic.in
कार्यालय–0755–2551650
फैक्स–0755– 2552061

क्रमांक / 1625 / परीक्षा समन्वय / 2020 भोपाल, दिनांक–19 / 03 / 2020

प्रति,

समस्त–जिला कलेक्टर्स
मध्यप्रदेश

विषय– नोवेल कोरोना वाइरस (COVID-19) के संक्रमण से बचाव हेतु मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल / हा.से. परीक्षा एवं अन्य मुख्य परीक्षायें वर्ष 2020 स्थगित करने संबंधी।

संदर्भ– मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के पत्र कमांक 596 / 670 / 2020 / 20–2 भोपाल, दिनांक 19.03.2020

––

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल की वर्ष 2020 की हाईस्कूल / हायर सेकेण्डरी / हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम, नियमित / स्वाध्यायी सामान्य एवं दृष्टिहीन मूक बधिर (दिव्यांग) परीक्षायें दिनांक 02 मार्च 2020 से संचालित हो रही है।

1– मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के पत्र कमांक 596 / 670 / 2020 / 20–2 भोपाल, दिनांक 19.03.2020 के परिपालन में राज्य में लोक स्वास्थ एवं लोकहित में नोवेल कोरोना वाइरस (COVID-19) के संक्रमण से बचाव हेतु एवं विद्यालायों में एक स्थान पर विद्यार्थियों के समूह में एकत्रित / उपस्थित होने के परिणामस्वरुप उक्त बीमारी के संभावित खतरे की रोकथाम करने के उद्देश्य से वर्तमान परिस्थितियों की गम्भीरता को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 20 मार्च 2020 से दिनांक 31 मार्च 2020 तक की आयोजित होने वाली मण्डल की समस्त परीक्षायें तत्काल प्रभाव से स्थगित की जाती है।

2– इसी प्रकार दिनांक 21 / 03 / 2020 से प्रारंभ होने वाला उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य भी दिनांक 31 / 03 / 2020 तक के लिए तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाता है।

3– मण्डल की स्थगित परीक्षाओं के कार्यक्रम की तिथियां एवं मूल्यांकन कार्य प्रारंभ करने की तिथियां पृथक से घोषित की जावेंगी।

उपरोक्त के क्रम में समस्त केन्द्राध्यक्ष / सहायक केन्द्राध्यक्ष को यह भी निर्देशित किया जावे कि, संबंधित केन्द्र हेतु पूर्व में आवंटित दिनांक 20 मार्च 2020 से दिनांक 31 मार्च 2020 तक की आयोजित परीक्षाओं के प्रश्न–पत्र संबंधित थानों में ही आगामी आदेश तक सुरक्षित रखे जावे तथा इस दौरान प्रश्न–पत्र के सील्ड बंद बॉक्स को किसी भी दशा में मण्डल / जिला कलेक्टर की अनुमति के बिना नहीं खोला जावे।

कृपया इस संबंध में सर्वसंबंधितों तथा थाना प्रभारियों को उपरोक्त निर्देशों से अवगत कराने का कष्ट करें।

सचिव,
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश,भोपाल

पृष्ठा. क्रमांक/1626/परीक्षा समन्वय/2020 भोपाल, दिनांक–19/03/2020

प्रतिलिपि–

1– मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
2– प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन।
3– विशेष सहायक, मान.मंत्री, म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
4– प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
5– आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, गौतम नगर, मध्यप्रदेश, भोपाल।
6– आयुक्त, आदिवासी विकास, सतपुडा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल।
7– आयुक्त, अनुसूचित जाति विकास, श्यामला हिल्स, मध्यप्रदेश, भोपाल।
8– आयुक्त, जनसंपर्क, मध्यप्रदेश शासन, की ओर समुचित प्रसार हेतु अनुरोध के साथ सूचनार्थ।
9– संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र, मध्यप्रदेश, भोपाल।
10– समस्त–संभागीय आयुक्त, मध्यप्रदेश।
11– समस्त– जिला पुलिस अधीक्षक, मध्यप्रदेश।
12– समस्त–मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, मध्यप्रदेश।
13– समस्त– संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, समस्त संभाग, मध्यप्रदेश।
14– समस्त– उपायुक्त/सहायक आयुक्त/जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश।
15– समस्त– जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश की ओर प्रेषित कर लेख है कि, संबंधित केन्द्राध्यक्षों एवं छात्रों को उक्त जानकारी से अवगत कराया जावे।
16– प्राचार्य, जिला समन्वयक संस्थायें/प्राचार्य, आदर्श, उमावि, भोपाल, रीवा एवं जावरा, मध्यप्रदेश।
17– आंचलिक/समस्त–संभागीय अधिकारी, संभागीय कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश।
18– सी.एस.ओ./जन संपर्क अधिकारी/पंजीयक परीक्षा/विधि सलाहकार/डाटा कक्ष/लोकसूचना कक्ष, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल।
19– समस्त–सहायक सचिव/कक्षाधिकारी/समकक्ष अधिकारी/सुरक्षा अधिकारी, मा.शि.म. मध्यप्रदेश।
20– निज सचिव–अध्यक्ष/सचिव/अति.सचिव/उप सचिव/परीक्षा नियंत्रक/वित्ताधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल।
21– एम. पी. ऑनलाईन की ओर व्यापक प्रचार प्रसार हेतु।

सचिव,
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश,भोपाल